हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 23 मई 2024

तापमान
अधिकतम 44 .5 डिग्री
न्यूनतम 29 .4 डिग्री

13 लिसान में दो दिवसीय बाबा भैया उत्सव का समापन


14 करनावास स्कूल की छात्राओं ने मतदान के लिए किया जागरूक


## पूर्व वित्त मंत्री ने कोसली में मांगे शहादत को सम्मान के नाम पर वोट, कांग्रेस और हुड्डा परिवार पर खुलकर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए हलके की जनता से डा. अरविंद शर्मा या पीएम मोदी के नाम पर वोट की अपील नहीं कर रहे हैं। वह देश की सीमाओं पर शहादत देने वाले शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए कमल का बटन दबाने की अपील करने के लिए आए हैं। कोसली हलका सैनिकों की खान है। इस हलके की जनता ने गत लोकसभा चुनावों में जो अचंभा किया था, उसी के कारण भाजपा सरकार धारा 370 हटाने में कामयाब हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी दोनों घोषणापत्र में धारा 370 फिर से लागू करने का दावा कर रहे हैं। कांग्रेस को ऐसा कदम उठाने से रोकने के लिए कोसली हलके के लोगों को एक बार फिर चमत्कार दिखाते हुए इस बार अरविंद शर्मा की जीत 1 लाख से ज्यादा मतों से सुनिश्चित करनी होगी। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कांग्रेस का मुगलिया एलाइंस इस बात की घोषणा कर चुका है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो डा. अंबेडकर के बनाए संविधान में बदलाव करते हुए जातिगत आरक्षण को मजहब के आधार पर बांटकर दलितों के हितों के साथ खिलवाड़ करेगी। देश की जनता मजहब के आधार पर आरक्षण कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कोसली की जनता ने रोहतक लोकसभा सीट पर गत लोकसभा चुनावों में बाबू-बेट का इलाज किया था। इसी तरह से इस बार भी वह इस हलके के लोगों से अपील करने के लिए आए हैं कि 25 मई की शाम तक वह मोदी के लिए वोट की ताकत लगा दें। इसके बाद देश की सुरक्षा का जिम्मा पीएम मोदी पर छोड़कर निश्चिंत हो जाएं।



रेवाड़ी। जनसमूह को संबोधित करते हुए नितिन गड़करी साथ में पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो :हरिभूमि

### एक बार फिर से खर्ची-पर्ची शुरू करने के मंसूबे

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कांग्रेस सरकार में पहले नौकरियां नीलाम होती थीं। क्षेत्र विशेष के लोगों को रोजगार देकर भेदभाव किया जाता था। भाजपा की सरकार सत्ता में आने के बाद पर्ची और खर्ची का सिस्टम बंद कर दिया गया। युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरियां मिलने लगीं। अगर यह लोग फिर से सत्ता में आए तो पर्ची और खर्ची फिर से शुरू हो जाएगी, लेकिन उसमें भी कोसली हलके के युवाओं का नंबर नहीं आएगा।

### बहुरूपिये की तरह पकड़ेंगे मतदाताओं के पैर

कैप्टन ने कहा कि बाबू-बेटा बहुरूपिये की तरह रूप बदलकर कोसली हलके के लोगों को पांच साल से गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। इन लोगों ने वोट हथियाने के लिए परिवारों तक में फूट डालने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। रूप बदलकर एक बार फिर यह लोग पैर पकडते हुए वोट की गुहार लगाएंगे, लेकिन कोसली की जनता को लक्ष्मण रेखा पार करने से इन लोगों को रोकना होगा। अगर यह लक्ष्मण रेखा पार करने में कामयाब हुए, तो वोट रूपी सीता का हरण करने में कामयाब हो जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### बागवाला मोहल्ले में घर से युवक लापता

**बावल।** मोहल्ला बागवाला में 18 वर्षीय युवक घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में कृष्ण ने बताया कि उसका बेटा गिरीराज उर्फ गोली 20 मई को बिना बताए घर से कहीं चला गया। उसके बाद वह और उसके परिजन लगातार तलाश कर रहे हैं, लेकिन उसके बेटे का कोई पता नहीं चल सका। उसका मोबाइल फोन भी लगातार बंद आ रहा है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट करने के आरोप में दो पर केस

**कुंड।** बासदुधा में एक युवक के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में ढाणी जरावत निवासी संदीप ने बताया कि उसने बाबा भैंरू मंदिर में मेले के दौरान दुकान की हुई थी। इसी दौरान मनेठी निवासी मैनपाल व उसके दोस्त ने वहां आकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर दोनों धमकी देकर वहां से चले गए।

### हेल्थ सब सेंटर का ताला तोड़कर चोरी

**कोसली।** गुड़ियानी में चोर हेल्थ सब सेंटर का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। एमपीएचडब्ल्यू अनिता ने पुलिस शिकायत में बताया कि जब वह सेंटर पहुंची तो कमरे का ताला टूटा हुआ था। उसने पुलिस बुलाकर कमरे में सामान चेक किया तो दो कुर्सी, पानी के दो कैंपर, बीपी चेक करने की मशीन, छत का पंखा व पुराने दस्तावेज गायब मिले। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने मारपीट व धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बनीपुर में मारपीट करने के मामले में पुलिस ने 10 मई को केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में नवीन कुमार को गिरफ्तार किया है। धारण की ढाणी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में 15 मई को दर्ज केस में महेश कुमार को काबू किया गया है। दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### रामपुरा में मारपीट करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने रामपुरा मोड़ पर एक युवक के साथ मारपीट करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 13 जनवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पुलिस ने रामपुरा निवासी मोहित, सुमित व नितिन को काबू कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद तीनों आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### पार्क से मोटरसाइकिल चोरी का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** रेजांगला पार्क के पास खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में विजय नगर निवासी शास्त्री ने बताया कि वह रेजांगला पार्क में घूमने के लिए जाता रहता है। वह बाइक पार्क के बाहर खड़ी करने के बाद अंदर घूमने के लिए गया था। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोपी काबू

**बव्वा** पुलिस ने बहाला में घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन पीड़ित के बयान पर 19 मई को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने बहाला निवासी नरेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### सरकुलर रोड पर बैंकों व अस्पतालों के पास नहीं अपनी पार्किंग, फुटपाथ पर भी पूरी तरह किया हुआ कब्जा

## शहर की सड़कों पर वाहनों की अवैध पार्किंग बनी आफत, नाईवाली आरओबी पर रेहड़ियों की कतार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

शहर के सरकुलर रोड पर अवैध पार्किंग से व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है। यही हाल शहर के मुख्य बाजार का है। अतिक्रमण व सड़क पर खड़े वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। सरकुलर रोड के साथ अब गढी बोलनी रोड, बावल रोड, नारनौल रोड व दिल्ली रोड पर भी सड़कों पर वाहन खड़े किए जा रहे है। नाईवाली ओवरब्रिज पर दिनभर कतार में रेहड़ियों का बाजार लग गया है। इन रेहड़ियों के साथ ही लोग अपने वाहन खड़े करके बाजार में खरीददारी के लिए जा रहे है। प्रशासन की ओर से न तो अतिक्रमण हटाने की दिशा में कदम उठाएं जा रहे है और न ही सड़कों पर खड़े होते अवैध वाहनों पर शिकंजा कसा जा रहा है। सरकुलर रोड पर प्राइवेट अस्पतालों के बाहर तो ज्यादा स्थिति खराब है। निजी अस्पतालों के बाहर हर समय सड़क रोके वाहन खड़े रहते है, जिनके कारण काफी बार जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। सरकुलर रोड पर जाम लगने का मुख्य कारण अस्पतालों, बैंकों व अन्य बड़े प्रतिष्ठानों के पास पार्किंग व्यवस्था का नहीं होना है।




रेवाड़ी। नाईवाली पुल पर लगी रेहड़ियों की कतार,नाईवाली सब्जीमंडी के पास सड़क पर खड़े वाहन, तुलाराम पार्क के पास बीच सड़क में खड़े वाहन। फोटो :हरिभूमि

### नाईवाली पुल पर लगा 'स्वीट कार्न' बाजार

सरकुलर रोड पर सबसे ज्यादा अव्यवस्था अंबेडकर चौक, नाईवाली चौक, कानोड गेट के पास व रेलवे चौक पर फैली हुई है। अंबेडकर चौक से पास निजी अस्पतालों की अवैध पार्किंग यातायात व्यवस्था बिगाड़ रही है,वहीं रेलवे चौक पर सड़क पर सवारी भरते ऑटो जाम का कारण बन रहे है। नाईवाली चौक पर सब्जीमंडी होने के कारण सब्जी लेने आने वाले लोग आरओबी व सरकुलर रोड पर वाहन खड़ा कर जाते है, जिससे वहां से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि नाईवाली पुल पर कतार में 'स्वीट कार्न' की रेहड़ियां लगी हुई है। नाईवाली पुल के सविस रोड पर भी दोनों तरफ सड़क पर ऑटो खड़े रहते है, जिससे अन्य वाहनों को निकलने में परेशानी उठानी पड़ती है। इसके अलावा राव तुलाराम पार्क के सामने बीच सड़क में वाहन खड़े कर दिए जाते है।

### सड़क पर लगा रहता है जाम

सरकुलर रोड स्थित अस्पतालों में शायद ही कोई अस्पताल होगा, जिसने वाहनों को पार्क करने की पर्याप्त व्यवस्था की गई हो। अवैध पार्किंग को रोकने के लिए प्रशासन की ओर से न तो व्यवस्था की जा रही है और न ही कोई ठोस कदम उठाए जा रहे है। इसके अलावा सरकुलर रोड पर स्कूल व बैंक सहित अन्य प्रतिष्ठान भी है, जिनके बाहर दिनभर वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। सरकुलर रोड पर करीब 4 दर्जन से ज्यादा अस्पताल तथा बैंक हैं। सभी बैंकों और अस्पतालों में आने वाले लोग व स्टाफ के सदस्य अपने वाहन सरकुलर रोड पर ही खड़े करते हैं, जिसके कारण कई बार अन्य वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है।



रेवाड़ी। कानोड गेट के पास अस्पताल के बाहर अवैध पार्किंग, सरकुलर रोड पर सेंडपाइपर काम्प्लेक्स के बाहर खड़े वाहन। फोटो :हरिभूमि

### फुटपाथ पर भी किया हुआ कबजा

सरकुलर रोड पर प्रतिष्ठानों के मालिकों ने फुटपाथ पर भी कब्जा किया हुआ है। किसी ने फुटपाथ पर जनरेटर रखा हुआ है तो किसी ने सामान रखा हुआ है। काफी दुकानदारों ने तो अपने होर्डिंग रखे हुए है। सरकुलर रोड पर चले रहे होटल संचालकों ने फुटपाथ पर काउंटर व भट्ठी रखी हुई है। बस स्टैंड के बाहर फुटपाथ पर रेहड़ियों का कब्जा है। सभी जगह फुटपाथ पर कब्जा होने के कारण राहगीरों को सड़क से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे चलते यातायात के कारण कभी भी हादसा हो सकता है।

## स्वास्थ्य विभाग टीम ने किया निरीक्षण

■ निरीक्षण दल ने सभी शौचालयों व पीने के पानी की टंकी की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली

विद्यार्थियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को आरपीएस पब्लिक स्कूल कोसली में स्वास्थ्य निरीक्षक हंसराज ने अपनी टीम के सदस्य रामवीर एमपीएचडब्ल्यू और पवन एमपीएचडब्ल्यू साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल ने सभी शौचालयों व पीने के पानी की टंकी की जांच की और जांच के लिए पानी के नमूने भी लिए। इस पहल का उद्देश्य स्कूल परिसर के भीतर स्वास्थ्य और स्वच्छता के उच्चतम मानकों को बनाए रखना था। प्रिंसिपल ने कहा कि छात्रों और कर्मचारियों को एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के लिए स्कूल प्रतिबद्ध हैं। निरीक्षक टीम की ओर से सभी को स्वास्थ्य व स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया गया।


रेवाड़ी। स्कूल में पीने के पानी के सेंपल लेती टीम। फोटो :हरिभूमि

### महिला से छेड़छाड़ के दो आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस ने पीड़िता के बयान पर 15 मई को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की

**जाटूसाना।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने महिला के साथ मारपीट व छेड़छाड़ करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर 15 मई को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। महिला का सामान्य अस्पताल से मेडिकल कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में एक गांव निवासी उपेंद्र और राजेंद्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जमानत मिलने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

## फसल बेचने के लिए दूसरे की जमीन का पंजीकरण, महिला पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

गुड़ियानी में एक किसान की जमीन का किसी महिला ने फर्जी तरीके से 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पोर्टल पर पंजीकरण करा दिया। हालांकि महिला ने इसका कोई लाभ नहीं लिया, परंतु किसान अपनी फसल बेचने से वंचित रह गया। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। एसपी को दर्ज शिकायत में गुड़ियानी निवासी ताजेंद्र सिंह ने बताया कि सुमन नाम की महिला ने उसकी 3 एकड़ जमीन का पंजीकरण अपने नाम करा लिया। सुमन न तो उसके खेत जोतती है और न ही जमीन पट्टे पर ली हुई है। उसने इसकी शिकायत कोसली थाने में दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज करने की बजाय रिपोर्ट में बताया कि महिला ने पंजीकरण का कोई लाभ नहीं लिया है। उसने पुलिस थाने में संपर्क किया तो बताया गया कि सुमन ने उसकी जमीन के पंजीकरण का कोई लाभ नहीं लिया है। न ही उसके खाते में किसी तरह का कोई पैसा आया है। इसकी रिपोर्ट एसपी ऑफिस को भेजी जा चुकी है।

### किसान नहीं बेच पाया अपना बाजरा

ताजेंद्र ने एसपी को दर्ज शिकायत में बताया कि भले ही सुमन ने उसकी जमीन का पंजीकरण कराने के बाद कोई लाभ नहीं लिया, परंतु पंजीकरण नहीं होने के कारण वह अपना बाजरा सरकारी रेट पर नहीं बेच सका। उसे भावांतर भरपाई योजना का लाभ भी नहीं मिला। सुमन ने उसकी जमीन के दस्तावेजों से छेड़छाड़ की है, जो धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। उसकी शिकायत पर एसपी ने कोसली पुलिस ने केस दर्ज करने के आदेश दिए।

**मौसम** | कूलर और एसी की हवा भी होने लगी गर्म, मई के अंत तक राहत की उम्मीद नहीं

## जबरदस्त हीटवेव का प्रकोप बरकरार, घरों से बाहर निकलना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

तापमान में मामूली कमी के बावजूद लोगों को लू के भारी प्रकोप से राहत नहीं मिल पा रही है। जबरदस्त हीटवेव ने लोगों का दोपहर के समय घरों से बाहर निकलना मुश्किल बना दिया है। भारी गर्मी के प्रकोप से मई माह के अंत तक राहत के आसार नहीं हैं। इस दौरान तापमान एक से दो डिग्री तक और बढ़ सकता है, जो लोगों को भारी लू से जमकर परेशान करेगा। सुबह और शाम के समय आसमान आंशिक बादल लगातार देखने को मिल रहे हैं। दोपहर तक आसमान साफ होने के बाद चिलचिलाती धूप गर्म हवाओं का कारण बन जाती है। बादलों के कारण हवा में नमी का स्तर पर भी बढ़ जाता है। बुधवार को अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की मामूली कमी के साथ 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि 0.4 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ रात का तापमान 29.4 डिग्री पर आ गया। तापमान में मामूली कमी का लू के प्रकोप को कोई असर नहीं रहा। गत वर्ष 22 मई को अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री और न्यूनतम 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस बार लगातार तापमान गत वर्ष की तुलना में ज्यादा चह रहा है। दिन के समय लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे। सड़कों पर सन्नाटा छाया रहता है। बाजार में दुकानदार शाम तक खाली बैठे ग्राहकों का इंतजार करते रहते हैं। लू के भारी प्रकोप के कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी जल्द बढ़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार माह के बचे हुए दिनों में लू का प्रकोप और बढ़ सकता है। तापमान 47 डिग्री का आंकड़ा छू सकता है, जिससे झुलसने वाली गर्मी का सामना करने के लिए लोगों को तैयार रहना होगा। गर्मी का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि कूलर और एसी भी गर्म हवा फेंकने लगे हैं। हवा में नमी का स्तर बढ़ने के बाद चिपचिपहाट भरी गर्मी ज्यादा परेशान करती है।


रेवाड़ी। तेज धूप में नारनौल रोड से घर जाते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### शीतल पेय की डिमांड में भारी इजाफा

भारी गर्मी के कारण बाजार में शीतल पेय की डिमांड काफी बढ़ गई है। जूस व कोल्ड ड्रिंक की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिलती है। नारियल पानी की डिमांड काफी बढ़ गई है। जो नारियल 50 से 60 रुपये में बिक रहा था, वह अब 80 रुपये तक में मिल रहा है। गन्ने के जूस की दुकानों पर भी ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।


### बिजली की खपत 140 लाख यूनिट पर

गर्मी के साथ बिजली की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। इस साल बिजली की एक दिन में खपत 140 लाख यूनिट पर पहुंच चुकी है। अगले दो-तीन दिन में यह 150 लाख यूनिट का आंकड़ा भी पार कर सकती है। कृषि क्षेत्र में इस समय बिजली की मांग कम होने के कारण लोगों को पावर कटों से राहत मिली हुई है। यह मांग बढ़ने के बाद लोगों को पावर कटों का सामना भी करना पड़ सकता है।

### रास्ते को लेकर विवाद में मारपीट, तीन महिलाओं सहित पांच घायल

**रेवाड़ी।** जोनावास में रास्ते को लेकर हुए झगड़े में तीन महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस बयान में सुरेंद्र ने बताया कि उसका पड़ोसी हिम्मत व उसके परिजन किसी न किसी बहाने उनका रास्ता बाधित करने का प्रयास करते हैं। हिम्मत ने पैड़ी बनाकर रास्ता बाधित करने का प्रयास किया। उसने आरोप लगाया कि उसका भतीजा राहुल वहां से गाड़ी लेकर ता रहा था। हिम्मत ने गाड़ी पर पथराव शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचा तो हिम्मत ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। बाद में उसके परिजन भी मौके पर आ गए। इन लोगों ने मिलकर उसे और राहुल के साथ-साथ उसकी पत्नी, पत्रवधु और भाई की पत्नी से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।





# डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए पीते रहें पानी-लिक्विड डाइट

**डॉक्टर्स सजेशन**

डॉ. आर. पी. सिंह
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के बाद भी मेरा गला कुछ-कुछ देर बाद सूखता रहता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका उचित समाधान बताएं।**

**-आकाश, दिल्ली**

मौजूदा समय में तापमान इतना अधिक है कि पानी पीने के बाद भी लगातार लोगों का गला सूखता रहता है। इसलिए आप परेशान मत हों। कुछ-कुछ समय बाद पानी पीते रहें और बीच में छाछ या नीबू पानी का सेवन भी जरूर करें। ये सभी पेय गर्मी में होने वाले डिहाइड्रेशन से बचाव में मदद करते हैं।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरे बाल कुछ ज्यादा ही झड़ रहे हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जीवेश, रायपुर**

मौजूदा समय में इस तरह की समस्या काफी लोगों में देखी जा रही है। इसका एक बहुत बड़ा कारण प्रदूषित पानी का सेवन है, जिस वजह से बाल तेजी से झड़ रहे हैं। इसके लिए पहले आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। साथ ही कोशिश करें कि दूषित पानी से बाल ना धोएं। इसके अलावा बाजार में मिलने वाले तरह-तरह के शैंपू का इस्तेमाल भी ना करें, डॉक्टर द्वारा बताए गए शैंपू ही इस्तेमाल करें। इससे आपको हेयर फालिंग की समस्या से थोड़ी राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से लगातार खांसी आ रही है। पहले मैं स्मोक करता था, लेकिन दो साल पहले छोड़ चुका हूं। प्लीज मेरी प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-राजेंद्र, रोहतक**

सबसे पहले आप खट्टी चीजें खाना छोड़ दें। साथ ही फ्रिज में रखे बिल्कुल ठंडे फूड्स, डिशेज और ड्रिंक्स बिल्कुल ना पिएं। सुबह और शाम नियमित रूप में गुनगुने पानी से गरारा करें। एक बार डॉक्टर से संपर्क कर कफ सीरप लिखवा लें। अगर इन उपायों से भी आराम नहीं मिलता है, तो आपको डॉक्टर की सलाह से कुछ टेस्ट करवा लेने चाहिए। इससे खांसी का मूल कारण पता चलेगा और फिर उसका ट्रीटमेंट किया जा सकेगा।

**मेरी उम्र 59 वर्ष है। कुछ देर तक बैठने के बाद घुटनों और कमर में जकड़न महसूस होती है और चलने पर घुटनों से टक-टक की आवाज आती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-देवप्रकाश, भोपाल**

उम्र बढ़ने के साथ ही हड्डियों में इस तरह की समस्याएं होने लगती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण होता है हड्डियों के बीच गैप का बढ़ जाना, जिसकी वजह से दर्द शुरू हो जाता है। इससे बचाव का स्थाई समाधान एक ही है कि आप नियमित रूप से एक्सरसाइज करें। इसके लिए चाहे तो एक बार फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लें, वो आपको कुछ एक्सरसाइज बता देंगे। साथ में कैल्शियम, विटामिन B12, विटामिन डी की जांच कराते रहें और इनकी कमी होने पर डॉक्टर की सलाह पर नियमित रूप में दवा लेते रहें।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मुझे रात में ठीक से नींद नहीं आती है। जिसकी वजह से सुबह सिर में भारीपन रहता है। रात में अच्छी नींद के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-रजत, बिलासपुर**

आप इस बात पर गौर करें कि पिछले कुछ समय में आपके साथ ऐसा क्या हुआ है, जो आपके दिमाग में बार-बार घूमता है और जिस वजह से आपको नींद नहीं आ रही है? क्योंकि नींद ना आने का समाधान उस समस्या के ढूंढ़ने से होगा, जो आपको परेशान कर रही है। नींद की दवाइयां खाने से बचें, ये लंबे टाइम तक सेवन करने पर हार्मफुल होती हैं। इसलिए डॉक्टर से कंसल्ट कर लें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

**डॉक्टर्स एडवाइस**

डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजीशियन
सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

दिनों-दिन तापमान का बढ़ता पारा, चिलचिलाती धूप और गर्म हवाएं हमारे शरीर के लिए बहुत हानिकारक हैं। ऐसे में अगर हम जाने-अंजाने कुछ गलतियां करते हैं तो कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का शिकार हो सकते हैं। इनसे बचाव के लिए जरूरी है कि हम ऐसी गलतियां ना करें और पर्याप्त सावधानी बरतते हुए खुद को स्वस्थ रखें।

# तपती गर्मी वाले इन दिनों में ना करें ऐसी गलतियां





इन दिनों देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। आने वाले दिनों में इसमें और इजाफा हो सकता है। एक स्टडी के मुताबिक गर्मियों में जाने-अनजाने की गई गलतियों का हेल्थ पर असर कभी-कभी लंबे समय बाद पता चलता है। लेकिन अगर इनके प्रति सजग रहें और इन गलतियों को ना करें तो निश्चय ही सेहतमंद रहा जा सकता हैं।

**भरपूर पानी का सेवन न करना:** सबसे बड़ी गलती जो ज्यादातर लोग करते हैं कि वो अपनी बॉडी को हाइड्रेटेड नहीं रखते हैं। यानी कि गर्मियों में जितना पानी हमारे शरीर को चाहिए, वो उतना पानी नहीं पीते। चूंकि गर्मी में पसीना आने की वजह से हमारे शरीर का पानी सूखता जाता है। यहां तक कि गर्मी से राहत पहुंचाने में कारगर एसी की हवा भी हमारी त्वचा से मॉयश्चराइजर खींच लेती है। इसलिए डिहाइड्रेशन से बचने के लिए दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी या अन्य लिक्विड डाइट जरूर लेनी चाहिए। लेकिन कोल्ड ड्रिंक्स के नियमित सेवन से हमें कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं, इसलिए इनसे परहेज करना बेहतर है। इनमें आर्टिफिशियल शुगर बहुत ज्यादा होती है। इसलिए ज्यादा सेवन करने से शरीर में कैलोरी इनटेक बढ़ जाता है, जिससे वेट और ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का खतरा बना रहता है। कोल्ड ड्रिंक्स में फास्फोरिक एसिड पाया जाता है, जो हमारी हड्डियों में कैल्शियम के अवशोषण की प्रक्रिया को धीमा करता है। यह एसिड हड्डियों को गलाकर कमजोर करता है। इसके साथ यह दांतों के इनेमल को भी नुकसान पहुंचाता है। कुछ कोल्ड ड्रिंक्स में कैफीन भी होता है, जिसका ज्यादा सेवन करने से स्लीप पैटर्न या सरकेडियम रिदम गड़बड़ा जाती है। हार्ट रेट बढ़ जाता है और हार्ट हेल्दी नहीं रह पाता। इससे गेस्ट्रो इंटेस्टाइनल सिस्टम भी गड़बड़ा जाता है। यह एसिडिटी का भी कारण बनता है। इसलिए कोल्ड ड्रिंक्स के बजाय गर्मियों में ऐसी चीजें खाना या पीना फायदेमंद है,



जिनकी तासीर ठंडी होती है। गोंद कतीरा, सब्जा के बीज, नीबू पानी, छाछ, लस्सी, बेल का शर्बत, गन्ने का रस जैसे देसी पेय और तरबूज, खरबूजा, खीरा जैसी चीजें जिनकी तासीर ठंडी होती है। इनमें पानी की मात्रा काफी अधिक होती है और ठंडी तासीर ठंडक प्रदान करती है। इनमें मौजूद पोषक तत्व हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं।

**प्लास्टिक बोतल वाला मिनरल वॉटर पीना:** बाजार में अकसर लोकल प्लास्टिक बोतलों में पानी मिलता है। मिनरल वॉटर के नाम पर मिलने वाला पानी भी कई बार सही नहीं होता। एक रिसर्च से साबित हुआ है कि दुकानों के बाहर कैरेट्स में रखी पानी की ये बोतलें तेज धूप में पड़ी रहती हैं। तेज धूप की यूएवी किरणों के संपर्क में आने पर इन बोतलों में मौजूद माइक्रो प्लास्टिक धीरे-धीरे पिघल कर पानी में मिल जाता है। ऐसा पानी ज्यादा पीने से लंबे समय में कैंसर का अंदेशा रहता है। इसलिए जरूरी है कि प्लास्टिक की बोतल में मिलने वाले पानी या अन्य ड्रिंक्स को अवॉयड करें। बाहर जाते हुए अपने साथ स्टील या कांच की बोतल लेना उपयुक्त है। इसमें भी फ्रिज के चिल्ड पानी के बजाय कम ठंडा पानी लेकर जाएं। मटके या घड़े का पानी सबसे बेहतर है। मिट्टी के घड़े का पानी ठंडा होने के साथ ही एल्कलाइन पीएच गुणों से युक्त होता है, जो स्वास्थ्यवर्द्धक होता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि फ्रिज का पानी शरीर के लिए एक शॉक की तरह होता है। हमारे पाचन तंत्र के लिए नुकसानदायक होता है। ठंडा पानी फैट को जमाना शुरू कर देता है और रक्त धमनियों को संकुचित करने लगता है, जिसका असर शरीर को प्रभावित करता है। मांसपेशियों में अकड़न, जोड़ों में दर्द की भी शिकायत रहती है।

**मिनरल्स की पूर्ति ना करना:** अगर गर्मियों में पसीना ज्यादा आता है तो इलेक्ट्रोलाइट्स या ओआरएस लेने को अपनी दिनचर्या का हिस्सा जरूर बना लेना चाहिए। क्योंकि पसीने के माध्यम से शरीर से पोटेशियम, आयरन जैसे माइक्रो न्यूट्रिएंट्स निकल जाते हैं, जिसका असर शरीर पर पड़ता है। शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखने के लिए ज्यादा नहीं तो दिन में एक छोटा चम्मच ओआरएस पानी में मिलाकर जरूर लेना चाहिए।

**सन एक्सपोजर से बचाव ना करना:** कई लोग जाने-अनजाने सनलाइट के एक्सपोजर में रहते हैं। सन एक्सपोजर होने पर चक्कर आना, बहुत गर्मी लगना, सिर दर्द होना, नकसीर आना जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इन दिनों सुबह 10 से शाम 4 बजे की धूप नुकसानदायक होती है। सनबर्न, हीट स्ट्रोक का खतरा रहता है। कोशिश करें कि इस समय बाहर न जाएं, संभव न हो तो हाइड्रेटेड रहें और स्कार्फ, दुपट्टा, टोपी या फिर छतरी से अपने सिर को जरूर कवर करके बाहर जाएं। संभव हो तो निकलने से पहले बड़ा रूमाल ठंडे पानी से गीला कर लें। धूप में ठंडे रूमाल से अपना चेहरा थोड़ी-थोड़ी देर में पोंछते रहें या अपने सिर या गर्दन पर रख लें। इससे हीट का नेगेटिव इफेक्ट कम होगा।



**एसी में ज्यादा रहना:** हालांकि एसी यानी एयर कंडीशनर की ठंडी हवा गर्मी से राहत दिलाने में कारगर है। लेकिन इससे शरीर पर कई नेगेटिव इफेक्ट भी पड़ते हैं, जिन पर ध्यान देना जरूरी है। एसी कमरे के वातावरण से और हमारे शरीर से मॉयश्चर को निकाल देता है। इससे बचने के लिए ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल जरूर करें। या फिर कमरे में छोटी बाल्टी या बर्तन में पानी भर कर जरूर रखें। शरीर को मॉयश्चराइज करने के लिए थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें। आंखों में होने वाली इरिटेशन को कम करने के लिए आइज मास्क लगाएं या खीरे-आलू के स्लाइस रखें या फिर रूमाल को ठंडे पानी में भिगोकर कुछ देर आंखों पर रखें।

इसके अलावा एसी का टेंपरेचर बहुत लो न रखें। जब इतने लो टेंपरेचर से आप बाहर के हाई टेंपरेचर में जाते हैं, तो हीट स्ट्रोक की संभावना 76 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। कोशिश करें कि एसी का टेंपरेचर 23-24 डिग्री तक रखें। यही नहीं एसी के फिल्टर्स को समय-समय पर साफ नहीं करने की वजह से कई लोगों को रेस्पिरेटरी समस्याएं हो सकती हैं।

**कपड़ों का ध्यान न रखना:** गर्मियों में टाइट कपड़े पहनने से हमारी स्किन का ब्रीदिंग प्रोसेस धीमा हो जाता है। डार्क कलर की ड्रेसेस ज्यादा हीट एब्जॉर्ब करती हैं और स्किन ठीक तरह ब्रीद नहीं कर पाती, जिससे ज्यादा गर्मी लगती है। पसीना ज्यादा आना या घमौरियां, रैशेज जैसी त्वचा संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। कोशिश करें कि कॉटन फैब्रिक के लाइट कलर ड्रेसेस ही पहनें। *

**प्रस्तुतिःरजनी अरोड़ा**

## खान-पान पर ध्यान देना है जरूरी


**गर्मियों में** हैवी मील लेने से परहेज करें। इसके बजाय छोटे मील लीजिए। जापानी लोगों के हिसाब से जितना भोजन करना उनके लिए जरूरी है, वो उसका एक-तिहाई हिस्सा ही खाते हैं। उनका मानना है कि वास्तव में एक-तिहाई खाने से ही हमारा पेट भर जाता है। लंच से आधा घंटा पहले सलाद जरूर खाना चाहिए। इसमें मौजूद फाइबर पेट संबंधी समस्याओं से बचाने में मददगार होता है। शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए दिन में तरबूज, खरबूजा, खीरा जैसे फल जरूर खाएं।



---

**न्यू स्टडी**

# प्रोसेस्ड फूड से लंग्स डिजीज का भी रिस्क





हेल्दी बॉडी के लिए फेफड़ों (लंग्स) का हेल्दी रहना भी बहुत जरूरी है। इसके लिए स्वच्छ हवा के साथ-साथ भोजन का भी सीधा संबंध है। प्रदूषित हवा के अतिरिक्त, हम जो भोजन करते हैं, वो भी हमारे लंग्स हेल्थ को प्रभावित कर सकता है। हाल ही में हुए एक अध्ययन में पाया गया है कि प्रोसेस्ड फूड्स अधिक खाने से क्रॉनिक रेस्पिरेटरी डिजीज यानी सीआरडी से होने वाली मौतों का खतरा काफी अधिक बढ़ सकता है। यूरोपियन जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, प्रोसेस्ड फूड्स में न्यूट्रिएंट्स की मात्रा काफी कम होती है। दरअसल, प्रोसेसिंग के कारण इन फूड्स में मौजूद पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। यही नहीं इनमें जरूरी एंटी ऑक्सीडेंट्स भी नहीं पाए जाते हैं। इस बारे में किए गए अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों की रूटीन डाइट में 40 प्रतिशत से ज्यादा मात्रा में प्रोसेस्ड फूड शामिल थे, उनमें क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज यानी सीओपीडी से होने वाली डेथ का खतरा 26 प्रतिशत ज्यादा था। सीओपीडी एक ऐसी बीमारी है, जिसमें हवा का फ्लो ब्लॉक हो जाता है। इससे सांस लेने में तकलीफ होती है। रिसर्चर्स ने यह भी पाया कि प्रोसेस्ड फूड के सेवन से फेफड़ों से जुड़ी अन्य बीमारियों जैसे लंग्स कैंसर, क्रॉनिक ब्रोकाइटिस और अस्थमा का रिस्क भी दस प्रतिशत तक बढ़ जाता है। वर्ष 1999 से 2018 के बीच अमेरिका में 96 हजार से अधिक लोगों के डाइट संबंधी आंकड़ों का एनालाइसिस करने के बाद उक्त निष्कर्ष निकाले गए हैं। *

**प्रस्तुतिःअजेश कुमार**

---

**सीजनल डाइट**

रेखा देशराज

वैसे तो गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कई खाद्य और पेय पदार्थ उपयोगी हैं। लेकिन इनमें भी खासतौर पर बेल का शर्बत पीने से आपको तमाम लाभ प्राप्त हो सकते हैं। इसके गुणों के बारे में जानिए।

# गर्मी का अमृत बेल का शर्बत



तपती गर्मी के मौसम में हाइड्रेटेड रहने के लिए हम सब अपने बड़े-बूढ़ों से जिन कुछ खास शर्बतों के बारे में बार-बार सुनते हैं, उनमें बेल का शर्बत सबसे प्रमुख है। बेल की तासीर ठंडी होती है, इसलिए यह ना केवल लू यानी हीट स्ट्रोक के खतरे से हमें बचाता है बल्कि इसमें बहुत सारे न्यूट्रिएंट्स भी पाए जाते हैं। इन तमाम खूबियों की वजह से बेल को गर्मी के लिए अत्यंत उपयोगी, अमृत तुल्य माना जाता है।

**पोषक तत्वों से भरपूर:** बेल में विटामिन सी, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, टैनिन, एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्वों के साथ इसमें खासतौर पर फाइबर और फास्फोरस की भरमार होती है। यह हमारे शरीर को गर्मी से तो बचाता ही है, पानी की किसी भी तरह की कमी से भी बचाव करता है। बेल का शर्बत गर्मियों में हमें अच्छी तरह से हाइड्रेट रखता है। इसे पीने से फायदा यह होता है कि लू लगने की आशंका बहुत कम हो जाती है और इन दिनों जिस तरह से जरा सी लापरवाही से शरीर में पानी की कमी हो जाती है, उस मामले में भी हम बेफिक्र रह सकते हैं। इसमें मौजूद फ्लेवोनोइड्स और कैमारिन जैसे पोषक तत्व शरीर के दर्द और सूजन को कम करते हैं। बेल के शर्बत के ये तमाम फायदे सबसे ज्यादा तब हासिल होते हैं, जब हम सुबह खाली पेट बेल का शर्बत पीएं।



**बढ़ती है इम्यूनिटी:** बेल का शर्बत हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को बढ़ाता है। यह हमारे शरीर का खून साफ करता है। पेट दर्द, गैस, कब्ज, दस्त और डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों से हमें बचाता है। इसके पीने से ब्लड शुगर कम होता है और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। इससे शरीर को ऊर्जा मिलती है और कई तरह की खतरनाक बीमारियों से भी हमारा बचाव होता है। मसलन, यह हमें ब्रेस्ट कैंसर और हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियों से भी बचाता है। बेल का शर्बत नियमित रूप से पीने से हम कई तरह की त्वचा संबंधी बीमारियों से भी बचे रहते हैं और ज्यादा गर्मी के दिनों में आमतौर पर होने वाले डिहाइड्रेशन से तो बचाव में यह रामबाण है ही।

**शुगर लेवल करे कंट्रोल:** हालांकि बेल का शर्बत मीठा होता है, लेकिन यह डायबिटीज के रोगियों के लिए बेहद गुणकारी है। इसके पीने से शुगर बढ़ने की किसी भी तरह की आशंका के विपरीत यह शुगर नियंत्रित रखता है। यह हमारे शरीर में मौजूद पैंक्रियाज ग्लैंड्स को उत्तेजित करता है, जिससे शरीर को इंसुलिन के उत्पादन में मदद मिलती है और ब्लड शुगर का लेबल स्थिर रहता है। लेकिन अगर आपको डायबिटीज है तो बेल का शर्बत पीने से पहले अपने डॉक्टर से एक बार कंसल्ट जरूर कर लें।

**कुछ अन्य फायदे:** रोज सुबह बेल का शर्बत पीने से एक नहीं अनेक फायदे होते हैं।

- सुबह खाली पेट बेल का शर्बत पीने से पाचन से जुड़ी कई तरह की समस्याएं नियंत्रित रहती हैं। इसे पीने से एसिडिटी और अपच से छुटकारा मिलता है।
- नियमित रूप से गर्मी के मौसम में बेल का शर्बत पीने से गैस्ट्रिक अल्सर के लक्षणों को कम करने में मदद मिलती है।
- बेल के शर्बत में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी की मात्रा खूब ज्यादा होती है, इसलिए जब हम इसे सुबह खाली पेट पीते हैं तो हमें दोपहर तक भरपूर एनर्जी मिलती है।
- बॉडी को जिन कुछ पेय पदार्थों से डिटॉक्स किया जाता है, उनमें बेल का शर्बत भी एक है। *

## रखें ध्यान

**किसी अच्छी** चीज की भी अति खराब होती है। इसलिए जरूरत से ज्यादा बेल का शर्बत पीने से कई पेट संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। मसलन अपच, पेचिस और कब्ज जैसी समस्याएं, हमें परेशान कर सकती हैं। इसलिए इसका कब कितना सेवन करना आपके लिए उपयोगी होगा, इस बारे में अपने डॉक्टर या आयुर्वेदिक विशेषज्ञ से सलाह अवश्य कर लें।




---

**अवेयरनेस**

शिखर चंद जैन

ओल्ड एज के लोगों में डिमेंशिया एक कॉमन डिजीज है। यहां कुछ न्यूरोलॉजिस्ट्स और हेल्थ एक्सपर्ट्स बता रहे हैं, ऐसे लक्षण, जो डिमेंशिया का संकेत देने वाले होते हैं। इन्हें पहचान कर रोकथाम आसान हो सकती है।

# इन लक्षणों से संभव है डिमेंशिया की पहचान



बढ़ती उम्र में कम होती याददाश्त और बौद्धिक क्षमता के कारण कई बार ना सिर्फ मरीज बल्कि उसके घर वालों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस बीमारी का जितनी जल्दी पता चल जाए, उतना अच्छा है ताकि सही डायग्नोसिस हो सके और इलाज के साथ जीवनशैली में परिवर्तन से इसकी ग्रोथ को धीमा किया जा सके।

**अजीब हरकतें करना:** यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया हॉस्पिटल, वैंकूवर में क्लीनिक फॉर अल्जाइमर्स डिजीज एंड रिलेटेड डिसऑर्डर्स के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रोबिन सिऊंग कहते हैं, 'जब कोई व्यक्ति सामाजिक रूप से अस्वीकार्य या असामान्य हरकतें करने लगे तो यह ब्रेन के फ्रंटल लोब्स के क्षतिग्रस्त होने के लक्षण माने जाते हैं। जब व्यक्ति असामान्य आचरण करने लगता है तो समझ जाएं कि यह डिमेंशिया या अल्जाइमर से पीड़ित हो रहा है।'

**काल्पनिक चीजों को महसूस करना:** जब कोई व्यक्ति ऐसी चीजों या व्यक्तियों को बार-बार देखने की बात कहे या उनसे बातें करे, जो उपस्थिति ही नहीं है तो यह डिमेंशिया का संकेत हो सकता है। जब अकसर ऐसा हो तो सावधान हो जाना चाहिए।

**बोलते वक्त शब्द नहीं मिलना:** बातचीत करते वक्त बार-बार वस्तुओं, व्यक्तियों या स्थान के सटीक नाम ना बता पाना और संज्ञावाचक शब्दों के बदले हुए यह, वह, वैसा आदि का इस्तेमाल करने का मतलब है कि व्यक्ति डिमेंशिया से पीड़ित हो चुका है। यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कोनसिन मेडिसिन के शोधकर्ताओं ने पाया है कि सही शब्दों को सोच ना पाने की क्षमता में गिरावट अगले 2 वर्षों में अल्जाइमर्स या डिमेंशिया का संकेतक हो सकता है। इसलिए ऐसे लक्षणों को इग्नोर ना करें।

**चीजों को रखकर भूल जाना:** कभी-कभी किसी पुस्तक, चाबी या अन्य चीज कहीं रखकर भूल जाना सामान्य बात हो सकती है लेकिन आप अकसर चीज रखकर भूल जाते हैं, एकदम ताजा घटनाक्रम या चलती हुई बातचीत को अचानक भूल जाते हैं तो यह संकेत डिमेंशिया के हो सकते हैं।

**भावना शून्य हो जाना:** यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, भावनाओं से शून्य हो जाना लोगों, चीजों, स्वाद या आकर्षक स्थलों के प्रति रुचि खत्म हो जाना और ढीला-ढीला रहना डिमेंशिया का शुरुआती लक्षण हो सकता है। सही तरीके से फिजिकल एक्टिविटीज करने में दिक्कत आना, हाथों या पैरों में कंपन भी डिमेंशिया का संकेत है।

यहां बताए गए एक या अधिक लक्षण दिखने पर बिना देर किए न्यूरोलॉजिस्ट या साइकिएट्रिस्ट से कंसल्ट करना चाहिए। *

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



### प्रत्येक मतदाता मतदान जरूर करें: पारीक

कोसली। जिले में 18वीं लोकसभा के लिए मतदान 25 मई को है। हरियाणा की 10 लोकसभा क्षेत्रों के लिए छठे चरण में मतदान होगा। सातवें चरण का मतदान एक जून को होगा तथा चुनाव का परिणाम 4 जून को आएंगे। इसलिए मतदाता राष्ट्र निर्माण लिए अपना वोट अवश्य डालकर आएं। मातृभूमि सेवा संघ की अध्यक्षा व राम कथा वाचक विदुषी बेला पारीक ने कोसली में मतदाता जागरूकता के लिए डोर टू डोर अभियान के तहत लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश निर्माण तथा स्थाई सरकार बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा वोट डालें। इस मौके पर रामनिवास अग्रवाल, बसंत लोहिया, महेश शर्मा, सोनू वत्स, कुंदन लाल, बिल्लू राय, यशवीर श्योराण व राणा विजेंद्र सिंह मौजूद थे।

### मंदिर में चौथी बार चोरी की वारदात

**बावल।** किशनपुर के नागदेव मंदिर में चोर चार बार चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं, लेकिन पुलिस एफआईआर दर्ज करने तक सीमित है। मंदिर में बार-बार हो रही चोरी की वारदातों को लेकर ग्रामीणों में रोष पनपने लगा है। चौथी बार चोर दानपात्र तोड़कर नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में मंदिर के पुजारी ने बताया कि सुबह के समय जब पूजा पाठ करने के लिए मंदिर में गया तो दानपात्र का ऊपरी हिस्सा उखड़ा हुआ था। दान पात्र से नकदी गायब थी। उसने इसकी सूचना गांव के सरपंच महेश और अन्य ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने मौके पर आकर मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की, तो एक व्यक्ति चोरी करते हुए नजर आया।

### चुनाव कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला पुलिस, अर्धसैनिक बल व बीएसएफ के जवानों ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना रोड़हाई व सदर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व प्रबंधक थाना रोड़हाई धर्मपाल, प्रबंधक थाना सदर रजनीश कुमार, लाइन अफसर निरीक्षक विक्रम सिंह एवं बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट प्रताप सिंह ने किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की।

### चुनाव ड्यूटी के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**रेवाड़ी।** एआरओ एवं एसडीएम विकास यादव ने लोकसभा आम चुनाव में ड्यूटी की गंभीरता व संवेदनशीलता को लेकर प्रथम व द्वितीय चरण के तहत चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण के लिए आयोजित कार्यशाला से अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव का कार्य बहुत ही संवेदनशील, गंभीर व जिम्मेदारी का कार्य है, इसमें जरा भी लापरवाही पूरी चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है।

### आज शाम से थम जाएगा चुनाव प्रचार

**रेवाड़ी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल हुड्डा ने कहा कि जिले में 25 मई को छठे चरण में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक लोकसभा आम चुनाव के लिए मतदान होना है। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार जिले में 23 मई को सायं 6 बजे से चुनाव प्रचार थम जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन केवल एक वाहन चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी, एक उसके चुनाव एजेंट तथा एक वाहन संबंधित प्रत्याशी के कार्यकर्ताओं के लिए स्वीकृत होगा।

## 24 मई को फाइनल प्रतिक्षण के बाद पोलिंग बूथों के लिए रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

# अधिकारियों व कर्मचारियों ने चुनावी प्रशिक्षण लेने के साथ पोस्टल बैलेट से किया मतदान

- आज भी तीनों विधानसभाओं के चुनावी ड्यूटी के कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की ओर से प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। डीसी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में जहां मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वहीं पोलिंग पार्टियों को भी प्रशिक्षण देते हुए सजग एवं सतर्क किया जा रहा है।

जिला मुख्यालय पर रेवाड़ी व बावल विधानसभा क्षेत्र के साथ ही कोसली विस क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को आवश्यक प्रशिक्षण देते हुए मतदान दिवस के लिए तैयार किया जा रहा है। राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में आयोजि कार्यशाला में एआरओ एवं एसडीएम रेवाड़ी विकास यादव ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराना भारत निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए चुनाव ड्यूटी पर तैनात किए गए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आपसी तालमेल व समन्वय से कार्य करते हुए ईमानदारी व निष्पक्षता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना होगा। लोकसभा आम चुनाव की सफलता का दारोमदार पूर्ण रूप से अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यकुशलता पर टिका है। जो अधिकारी-कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया से संबंधित बारीकियों को अच्छी तरह से समझेंगे, उनके समक्ष चुनाव के दौरान कोई परेशानी व समस्या नहीं आएगी। यदि कोई परेशानी व समस्या आती भी है तो वह उसे अच्छे से हैंडल कर लेंगे।





रेवाड़ी। पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान करते हुए कर्मचारी, चुनावी प्रक्रिया पूरी करते हुए अधिकारी व कर्मचारी तथा ईवीएम व वीवीपैट का प्रशिक्षण लेते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### निजी वाहन का प्रयोग न करें पोलिंग पार्टी

एआरओ यादव ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी चुनाव से संबंधित हैंडबुक को अच्छी तरह से पढ़कर समझ लें। उन्होंने कहा कि चुनाव कराना बहुत ही संवेदनशील व जिम्मेदारी भरा कार्य है। उन्होंने कहा कि 25 मई को मतदान से पहले दिन यानी 24 मई को सभी पोलिंग पार्टियां यहीं एकत्रित होंगी और उन्हें सामान देकर पुलिस सुरक्षा में बूथ के लिए रवाना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान बूथ पर नियुक्त पोलिंग पार्टी एक टीम के रूप में काम करेगी। चुनाव के एक-एक बिंदु को अच्छी तरह से समझ लें, ताकि बाद में कोई परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि सामान की सूची के साथ ईवीएम मशीन और वीवीपैट के नंबर का बूथ से मिलान अवश्य कर लें। पोलिंग पार्टी ईवीएम व अन्य सामग्री लेने के पश्चात प्रशासन की ओर से दिए गए वाहन में बूथ पर जाएंगी। पोलिंग पार्टी अपने निजी वाहन का प्रयोग न करें।

### स्टाफ को दी हैंड्स ऑन ट्रेनिंग

लोकसभा आम चुनाव के लिए गुरुगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले रेवाडी विधानसभा सैगेमेंट में चुनाव ड्यूटी पर लगाए स्टाफ के लिए राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-18 के प्रथम तल के मतगणना हाल, बावल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की हैंड ऑन ट्रेनिंग राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-18 के भू-तल तथा रोहतक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोसली विधानसभा में चुनाव ड्यूटी पर लगाए गए स्टाफ को सरकुलर रोड स्थित जैन पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तीनों विधानसभाओं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को 23 मई को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। 24 मई को अंतिम प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर पोलिंग पार्टियों को पोलिंग बूथों की ओर रवाना किया जाएगा।

### चुनावी ड्यूटी स्टाफ ने बैलेट पेपर से किया मतदान

इस दौरान रेवाड़ी व बावल विधानसभा क्षेत्र में चुनावी ड्यूटी पर नियुक्त किए गए अधिकारियों व कर्मचारियों ने बैलेट पेपर के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को फार्म-12 के आधार पर बैलेट पेपर जारी किए गए थे ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रहें। भारत निर्वाचन आयोग की पहल हर चुनाव को फेस्टिवल की तरह मनाया जाता है। यही कारण है कि भारत निर्वाचन आयोग इस बात को सुनिश्चित करना चाहता है कि हर चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो। पोस्टल बैलेट एक डाक मत पत्र होता है। चुनावों में इसका इस्तेमाल उन लोगों के द्वारा किया जाता है, जो कि अपनी नौकरी के कारण अपने चुनाव क्षेत्र में मतदान नहीं कर पाते हैं। चुनाव आयोग ने चुनाव नियमावली, 1961 के नियम 23 में संशोधन करके इन लोगों को चुनावों में बैलेट पेपर या डाक मत पत्र की सहायता से वोट डालने की सुविधा प्रदान की है।

## गोल्डन लायनेस क्लब मेंबरों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

फरीदाबाद के निजी होटल में गोल्डन लायनेस डिस्ट्रिक अ-1 का वार्षिक पारितोषिक समारोह सार्थक का आयोजन किया गया। जनपद अध्यक्षा डा. बृज गुप्ता की ओर से गोल्डन लायनेस क्लब रेवाड़ी की अध्यक्षा पूजा भार्गव को उनकी ओर से किए गए सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। 1 जुलाई 2023 को पूजा ने अध्यक्षा का कार्यभार संभाला था। क्लब के सभी सदस्यों के सहयोग से वर्ष भर कई प्रोजेक्ट किए गए, जिसमें बाल शिक्षा के प्रयास किए गए तथा बुजुर्गों को उनकी जरूरत का सामान दिया गया। व्हील चेयर दी गई तथा हर माह गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरण करने के साथ इसके साथ हेल्थ चैक अप भी किया गया। ललिता मेमोरियल अस्पताल के सौजन्य से गर्भ संस्कार कराया गया। क्लब रेवाड़ी की सचिव नेहा भार्गव को सी श्रेणी में प्रथम पुरस्कार दिया गया तथा अध्यक्षा पूजा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। क्लब की वरिष्ठ जनपद अध्यक्षा डा. तृप्ति भार्गव, प्रेस्टीज ऑफ डिस्ट्रिक रजनी भार्गव, डायरी विजिटेशन रत्ना गोयल एवं डा. रुचि सक्सेना को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब की अन्य सदस्याएं भी मौजूद थी। कैबिनेट मेंबर प्रमिला भार्गव, कोषाध्यक्ष ललिता मित्तल तथा पीआरओ अनुजा खुराना को भी सम्मानित किया गया।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में सम्मानित क्लब की सदस्याएं। फोटो : हरिभूमि

## भगवान विष्णु के पांचवें अवतार नरसिंह जी की अराधना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सोमाणी कॉलेज में बुधवार को भगवान नरसिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के डीन जितेंद्र खत्री ने कहा कि भगवान नरसिंह श्री हरि विष्णु के पांचवें अवतार थे। भक्त पहलाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लिया था। भगवान नरसिंह श्रीहरि विष्णु के उग्र और शक्तिशाली अवतार माने जाते हैं, इनकी उपासना करने से हर प्रकार के कष्ट और दुर्घटना से रक्षा होती है, व्यक्ति का सारा भय दूर हो जाता है और शत्रु का विनाश होता है। भगवान नरसिंह की पूजा से जीवन में आ रही सभी बाधाएं दूर होती है। इस अवसर पर प्रोफेसर नितेश कुमार, प्रोफेसर सोनाली, प्रोफेसर दीपिका, मोनिका, अनिता, रेखा, सरोज, बबली व अनीता उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में सम्मानित क्लब की सदस्याएं।

## राजस्थान में चोरी किए 10 लाख के आभूषण, मनेठी में पकड़ा आरोपी




रेवाड़ी। कुंड पुलिस चौकी में कार्रवाई करती पुलिस,आरोपी से बरामद किए गए जेवरात। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजस्थान में एक ज्वेलरी शॉप से 10 लाख रुपये से अधिक राशि के सोने के जेवरात चोरी करने के बाद जिले के गांव मनेठी में शरण लेने वाले आरोपी को पुसिल ने काबू करते हुए राजस्थान पुलिस के हवाले कर दिया। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद राजस्थान पुलिस उसे अपने साथ ले गई। जिला पुलिस को इनपुट मिला था कि चित्तोड़गढ़ के कपासन में लगभग 10 लाख रुपये के सोने के जेवर करने के बाद फरार हुआ आरोपी खोल एरिया के मनेठी गांव में छुपा हुआ है। इसके बाद जिला पुलिस ने उसे काबू कर लिया। आरोपी हिसार के महावीर नगर निवासी जसवंत बताया गया है। पुलिस ने उसे काबू करने के बाद उसके कब्जे से मिले स्वर्ण आभूषणों का वजन कराया, तो वजन 150 ग्राम निकला। इसके बाद राजस्थान पुलिस उसे अपने साथ ले गई।

### दो महिलाओं के साथ वारदात को अंजाम दिया

पूछताछ के दौरान आरोपी जसवंत ने बताया कि उसने अपनी दो महिला सहयोगियों के साथ मिलकर एक ज्वेलर की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। राजस्थान पुलिस को चकमा देने के बाद वह दो-तीन दिन से मनेठी में ही छुपा हुआ था। राजस्थान पुलिस उसे कस्टडी में लेने के बाद अपने साथ कपासन ले गई।

### अपराधियों को नहीं दी जाएगी पनाह

एसपी शशांक कुमार सावन ने बताया कि दूसरे जिलों या राज्यों में आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले लोगों के लिए जिले में कोई जगह नहीं है। ऐसे अपराधियों का पता चलते ही उन्हें संबंधित पुलिस के हवाले किया जा रहा है। पूर्व में भी कई बार ऐसे लोगों को काबू करने के बाद संबंधित पुलिस के हवाले किया जा चुका है।

### स्वच्छ व सुदृढ़ सरकार के लिए वोट जरूर दें: साभरिया

रेवाड़ी। सेवा स्तंभ संठगन ने जिला वासियों से 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की है। संगठन के प्रधान भगत सिंह साभरिया ने कहा कि सभी मतदान केंद्र पर जाकर देश के निर्माण के लिए अपना वोट जरूर दें ताकि भारत देश में स्वच्छ और सुदृढ़ सरकार का गठन किया जा सकें। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र देश है, जहां प्रत्येक नागरिक को वोट देने का अधिकार है। एक वोट हार भी दिला सकता है और एक वोट जीत भी दिलाता है इसलिए सब मिलकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागेदारी निभाएं।

### विवाहिता लापता

कोसली। क्षेत्र के गांव के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी की शिकायत कोसली थाने में दी है। व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका विवाह जनवरी 2020 में निकटवर्ती गांव में हुआ था।

## देश की रक्षा में बड़ा योगदान दे रही बेटियां: कपूर

- बेटियों के लिए संस्कार निर्माण का कार्यक्रम 'देश की शान है हमारी वीर बेटियां' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीर भगत सिंह युवा दल के तत्वावधान में बेटियों के लिए संस्कार निर्माण का कार्यक्रम 'देश की शान है हमारी वीर बेटियां' का आयोजन जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस अवसर पर युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर ने कहा कि आज हमारी बेटियां शिक्षा, खेल, समाज सेवा, व्यवसाय व राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में अपना नाम कमा रही है। भारतीय सेना में महत्वपूर्ण पदों पर सेवा करते हुए देश की रक्षा में अपना बड़ा योगदान दे रही है। भारतवर्ष के चंद्रयान के सफलतापूर्वक मिशन में बहुत सी महिला वैज्ञानिकों का योगदान रहा है। जैन कन्या स्कूल में बड़ी संख्या में छात्राओं ने दसवीं व 12वीं में मेरिट प्राप्त कर जिले का सम्मान बढ़ाया है। उपप्रधान प्रवीण ठाकुर ने छात्राओं को गर्मी के मौसम में स्वस्थ रहने के उपयोगी टिप्स दिए। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा पानी पीने, बिना वजह धूप में न निकलने व प्रातःकाल उठकर शीतली प्राणायाम का नियमित अभ्यास करने की सलाह दी। स्कूल के प्राचार्य कैलाश चंद जैन ने कहा कि छात्राएं प्रत्येक क्षेत्र में स्कूल का नाम ऊंचा कर रही है। मंच संचालन अध्यापिका निर्मला यादव ने किया। प्रधान ने छात्राओं से उनके व्यक्तित्व संबंधी प्रश्न किए व मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्राओं ने 25 मई के दिन अपने माता-पिता व परिवारजनों से मतदान कराने की शपथ ली। युवा दल की ओर से स्कूल को शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस व भारत माता के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में पूनम गुप्ता, ममता यादव, सुमन लता, जयमाला, ममता वर्मा, आरती, ज्योति, बबीता व ललिता सहित स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे।




रेवाड़ी। शिक्षकों को शहीदों के चित्र भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## दो दिवसीय बाबा भैया उत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

गांव लिसान स्थित बाबा भैया धाम में दो दिवसीय उत्सव का धूमधाम से समापन हो गया है। इस अवसर पर जागरण तथा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने बाबा का आशीर्वाद लेकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कियो। बाबा भैया के दो दिवसीय उत्सव में आयोजित जागरण में मास्टर धर्मवीर ने ज्योति प्रज्वलित की। कवि दलबीर फूल एंड पार्टी द्वारा जागरण में बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। जागरण में बाबा के भजनों पर श्रद्धालु पूरी रात झूमते रहे। प्रातः आरती की गई। बुधवार प्राप्त पांच ब्राह्मणों ने हवन किया। इस अवसर पर बाबा भैया कमेटी के प्रधान अभय सिंह खोला, कोषाध्यक्ष प्रोफेसर धर्मबीर, इंस्पेक्टर गोपाल खोरड़िया, सतबीर, सुखबीर भगवाड़िया, सतीश आफरिया, अभय खोला, सज्जन भगवाड़िया, शेर सिंह खोला, सुखबीर भगवाड़िया, अभय सिंह खोरडिया, यंग यूथ कार्यकर्ता भगत कुबेर भंडारी व विजय सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



**नाम परिवर्तन सूचना**

**मैं, साहिल गुप्ता पुत्र श्री प्रेम प्रकाश निवासी मकान नंबर 9, सेक्टर-1 रेवाड़ी, तहसील व जिला रेवाड़ी (हरियाणा) सूचित करता हूं भविष्य में सभी उद्देश्यों हेतु मैंने अपना नाम साहिल से बदलकर साहिल गुप्ता रख लिया है।**

**सेवा मे,**
**श्रीमान तहसीलदार साहब, रेवाड़ी।**
**विषयः- बराये तसदीक किये जाने वारसान श्रीमती प्रेम लता नरूला धर्मपत्नी श्री भरत लाल नरूला निवासी मकान नम्बर 9 एल मॉडल टाऊन रेवाडी तहसील व जिला रेवाड़ी।**
श्रीमान जी,
सेवा मे निवेदन है कि श्रीमती प्रेम लता नरूला धर्मपत्नी श्री भरत लाल नरूला निवासी मकान नम्बर 9 एल मॉडल टाऊन रेवाडी तहसील व जिला रेवाड़ी का स्वर्गवास दिनांक 02-09-2022 हो चुका है। श्रीमती प्रेम लता नरूला धर्मपत्नी श्री भरत लाल नरूला निवासी मकान नम्बर 9 एल मॉडल टाऊन रेवाडी तहसील व जिला रेवाड़ी के स्वर्गवास के बाद उसके निम्न लिखित वारसान हैः-
**1- भरत लाल नरूला, पति, 2- सन्दीप कुमार नरूला, सुपुत्र, 3- पूजा चावला, सुपुत्री**
उपरोक्त वारसान के अलावा अन्य कोई वारसान श्रीमती प्रेम लता नरूला धर्मपत्नी श्री भरत लाल नरूला निवासी मकान नम्बर 9 एल मॉडल टाऊन रेवाडी तहसील व जिला रेवाड़ी के नही है।
अतः जनाब से नम्र निवेदन है कि श्रीमती प्रेम लता नरूला धर्मपत्नी श्री भरत लाल नरूला निवासी मकान नम्बर 9 एल मॉडल टाऊन रेवाडी तहसील व जिला रेवाड़ी मुतवफी के वारसान तसदीक करवाने की कृपा करे।
जनाब की अति कृपा होगी।
दिनांक 17-08-2023 हस्ता/- प्रार्थी :-
**भरत लाल नरूला सुपुत्र श्री सोहन लाल नरूला निवासी मकान नम्बर 9 एल मॉडल रेवाड़ी तहसील रेवाड़ी**

**जागरूकता** | विद्यार्थियों ने जिलेभर में गांवों व शहर के प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटक किए

## करनावास राजकीय स्कूल की छात्राओं ने मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में मतदाताओं को वोट डालने के लिए जागरूक करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनावास के विद्यार्थियों जिलेभर में गांवों व शहर के प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटक किए। प्राचार्य डा. लक्ष्मीनारायण के मार्गदर्शन व सतीश मस्तान के निर्देशन में विद्यार्थियों ने स्वीप अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। छात्रा कोमल, रिया, चंचल, संजना, स्वीटी, किशन, रोहित, वंदना, निसीका, एकता व जिया ने गांव कोसली, भाखली, प्राणपुरा, नांगल मूंदी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगवाड़ी, भटसाना, ततारपुर खालसा व अलावलपुर गावों में पहुंचकर लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए जागरूक किया और मतदान करने का संकल्प भी दिलाया। नुक्कड़ नाटक के आयोजनों में प्रथम इंटरनेशनल स्कूल देवलावास के डायरेक्टर हिमांशु का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर गांव भाखली के सरपंच श्याम सिंह, प्राणपुरा सरपंच सुबेसिंह, भटसाना सरपंच भूपसिंह, हरीश यादव, ततारपुर सरपंच शादीराम, विजय यादव, अलावलपुर सरपंच उषारानी, राजबीर, राकेश व श्याम ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। संगवाडी के पूर्व सरपंच दीपक मुद्गिल ने कहा की लोकतंत्र की मजबूती के लिए विद्यालय की ओर से किया जा रहा प्रयास बहुत सराहनीय है। संगवाड़ी स्कूल के प्राचार्य कर्मबीर ने सतीश मस्तान व टीम का आभार व्यक्त किया। ग्राम पंचायतों की ओर से विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।




रेवाड़ी। स्कूल में नुक्कड़ नाटक का मंचन करती छात्राएं तथा नाटक की टीम को सम्मानित करते हुए ग्राम पंचायत।

## खबर संक्षेप

### वोटर स्लिप देने गए बीएलओ के साथ मारपीट

**रेवाड़ी।** राजीव नगर में एक दंपति के वोटर स्लिप देने गए बूथ लेवल ऑफिसर के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। बीएलओ भगवत स्वरूप ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह अजीत के घर उसकी और उसकी पत्नी की वोटर स्लिप देने के लिए गया था। अजीत ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। मॉडल टाउन पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

### गाड़ियों की भिड़ंत में एक कार हुई क्षतिग्रस्त

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड पर पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने दो गाड़ियों में हुई भिड़ंत में एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस शिकायत में सनसिटी निवासीआजाद यादव ने बताया कि वह अपनी कंपनी से गाड़ी लेकर घर लौट रहा था। टी-प्वाइंट पर एक गाड़ी ने उसकी गाड़ी को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। बाद में चालक गाड़ी लेकर फरार हो गए।

### विकास नगर में कमरे से लापता हुआ कर्मी

**रेवाड़ी।** विकास नगर में किराए के कमरे पर रह रहा एक कंपनी कर्मी लापता हो गया। पुलिस शिकायत में यूपी के आजमाबाद निवासी सार्थक मिश्रा ने बताया कि उसका भाई देवेंद्र मिश्रा बावल की कंपनी में कार्यरत है। वह उसी के साथ कमरे पर रहता है। 17 मई को वह अपने घर चला गया। पीछे उसे उसका भाई कमरे से कहीं चला गया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका।

### सोलहराही मंदिर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** सोलहराही मंदिर के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में यूपी के बरेली निवासी अमरनाथ ने बताया कि वह उत्तम नगर में किराए के मकान में रहता है। वह बाइक लेकर मंदिर में पूजा करने के लिए आया था। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद पूजा करने के लिए चला गया। मंदिर से बाहर आने पर उसे बाइक गायब मिली।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने देहलावास गुलाबपुरा में अवैध शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव निवासी अनिल अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो अनिल अपने घर के बाहर शराब बेच रहा था। पुलिस ने उसे 12 बोतल व 22 अध्धे शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### हेलमेट लगाकर बाइक चोरी कर ले गया

**रेवाड़ी।** कानोड़ गेट के पास निजी अस्पताल के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। बोड़िया कमालपुर निवासी सन्नी ने बताया कि वह ब्लड सेंपल लेने के लिए प्राइवेट अस्पताल में आया था। उसकी बाइक अस्पताल के बाहर से चोरी हो गई। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक करने पर एक युवक सिर पर हेलमेट लगाकर बाइक के पास आते हुए और बाइक चोरी करते हुए नजर आया।

### तोड़फोड़ व मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने मारपीट व तोड़फोड़ करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 19 मई को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने सैनी मोहल्ला निवासी राजकुमार, गोकलगढ़ निवासी अरविंद व सुमनलता को गिरफ्तार किया है।

### शराब के नशे में हंगामा करते दो गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सुभाष चौक पर शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मंगलवार की रात सुभाष चौक पर यूपी के गुलाबठी निवासी दीपक और कृष्ण शराब के नशे में हंगामा कर रहे थे। इससे आसपास के लोगों की शांति भंग हो रही थी। सूचना के बाद पुलिस ने दोनों को मौके पर गिरफ्तार करने के बाद उनका मेडिकल परीक्षण कराते हुए केस दर्ज कर लिया।

## बावल विस में 257, कोसली में 274 व रेवाड़ी विस में हैं 250 पोलिंग बूथ

# जिले में 781 बूथ पर होंगे मतदान, पिंक बूथ सहित बनाए आदर्श, पीडब्ल्यूडी व युवा बूथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जिले में छठे चरण में 25 मई को कराए जाने वाले 18वीं लोकसभा के आम चुनाव को लेकर तैयारियां प्रभावी रूप से जारी हैं।

जिला प्रशासन की ओर से चुनाव ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारियों व कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ ही लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं को भी बढ़-चढ़कर मतदान करने के प्रति जागरूक करने के लिए जिलेभर में स्वीप गतिविधियां जारी हैं। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल






हुड्डा ने चुनावी प्रक्रिया पर पूर्ण फोकस रखते हुए शांतिप्रिय ढंग से चुनाव संपन्न कराने में सक्रिय हैं।

जिले में लोकसभा आम चुनाव के लिए 781 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, जिसमें बावल में 257, कोसली में 274 तथा रेवाड़ी विधानसभा में 250 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। बावल विस में 103-करनावास रावमावि लेफ्ट विंग में पिंक बूथ, रेवाड़ी स्थित अंत्योदय भवन सेक्टर-1 में आदर्श पोलिंग बूथ, बावल में 105-गुजरीवास राप्रावि, कोसली 42-गुड़ियानी राकउवि लेफ्ट विंग तथा रेवाड़ी 232-डूंगरवास अनुसूचित जाति चौपाल को पीडब्ल्यूडी ऑपरेटिड पोलिंग बूथ तथा बावल में 181-बावल रावमावि लेफ्ट विंग, कोसली में 68-नाहड़ रावमावि नाहड़ नॉर्थ विंग तथा रेवाड़ी 181-रेवाड़ी राकवमावि सेक्टर-4 में लेफ्ट विंग को यूथ ऑपरेटिड पोलिंग बूथ बनाया गया है।

### मतदाताओं को मिलने वाली आवश्यक सुविधाएं

डीसी हुड्डा ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से 25 मई मतदान के दिन मतदाताओं को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन मतदाताओं को ग्राउंड फ्लोर पर मतदान केंद्र, पेयजल, रैम्प की सुविधा, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, रोशनी व बिजली की सुविधा, मेडिकल किट, मतदान केंद्र पर उचित छाया की व्यवस्था, स्थान व मार्गदर्शन के लिए उचित संकेतक सहित मतदाताओं के लिए गर्मी, हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्था प्रबंधन किए जाएंगे।

### गुरुग्राम व रोहतक लोकसभा क्षेत्र के मतदाता

जिला चुनाव कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र 72-बावल, 73-कोसली व 74-रेवाड़ी में कुल वोटर की संख्या 724589 है, जिनमें 378356 पुरूष, 346225 महिलाएं व 8 थर्ड जेंडर शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र के अनुसार बावल विस क्षेत्र में कुल 226534 मतदाता हैं, जिनमें 118279 पुरूष, 108254 महिलाएं व 1 थर्ड जेंडर, कोसली विस क्षेत्र में कुल 248574 मतदाता हैं, 129809 पुरूष, 118764 महिलाएं व 1 थर्ड जेंडर तथा रेवाड़ी विस क्षेत्र में कुल 249481 मतदाता हैं, जिनमें 130268 पुरूष, 119207 महिलाएं व 6 थर्ड जेंडर हैं।

## माउंट हेरिटेज स्कूल का छात्र राज्य स्तरीय योग स्पर्धा में चयनित



रेवाड़ी। दोनों छात्रों को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के छात्र राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए है। जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन डाइट हसैनपुर में कराया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों से सैकडों विद्यार्थियों ने भाग लिया। माउंट हेरिटेज स्कूल के छात्र च्यवन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त करके राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए स्थान पक्का किया है। स्कूल के ही दूसरे छात्र रोहित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों ही छात्रों ने अपने विद्यालय व माता-पिता को गौरवांवित किया। विद्यालय प्रबंधक समिति के चेयरमैन प्रवीन गोयल, निदेशक प्रतीक गोयल, प्रधानाचार्य समर भारद्वाज व अध्यापकों ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उमदा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मेरी मुख्यमंत्रियों से लड़ाई क्षेत्र हित व जनहित के लिए रही, निजी स्वार्थ के लिए नहीं: राव

- कांग्रेस केवल जात-पात की राजनीति करना जानती है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी/गुरुग्राम

भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्रियों से उनकी लड़ाई क्षेत्र हित व जनहित को लेकर रही है। निजी स्वार्थ के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार का मामला हो या जल संसाधन में समान बंटवारे का मामला हो उन्होंने हमेशा क्षेत्र हितों की पैरवी की है। राव बुधवार को अपने चुनाव प्रचार अभियान के तहत रेवाड़ी शहर और कई गांवों को दौरा कर भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। रेवाड़ी पहुंचने पर राव का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। राव गांव की स्वभाव को संबोधित करने गए थे लेकिन समर्थन से यह सभाएं चुनावी रैली में तब्दील होती नजर आई। राव ने गांव रामगढ़, मीरपुर, सुनारिया ,रेलवे रोड ,बालाजी मार्केट ,सेक्टर 3 , कृष्णा नगर सरस्वती विहार अन्य स्थानों पर सभाओं को संबोधित किया। राव के अपने प्रचार अभियान की शुरुआत मीरपुर गांव से की। सुबह जैसे ही राव का काफिला मीरपुर गांव में पहुंचा। यहां पहले से मौजूद जनसमूह ने गाजे-बाजे से राव इंद्रजीत सिंह का स्वागत किया। चुनाव नजदीक आने के साथ ही राव इंद्रजीत के बढ़ते कारवां से कांग्रेस अब बैकफुट पर आ गई है। यहां समर्थकों की भीड़ से गदगद राव इंद्रजीत ने कहा कि यह क्षेत्र के लोगों का प्यार और समर्थन है कि उनकी 45 साल की सियासत को सफल बनाने में हमेशा उनके साथ अडिग होकर खड़े रहे। लोग कहते हैं कि उनकी मुख्यमंत्रियों से नहीं बनती इसका कारण रहा है कि मैंने हमेशा क्षेत्र तथा जनहित की मुद्दों से समझौता नहीं किया।



रेवाड़ी। चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह। फोटो :हरिभूमि

## मेरे खिलाफ भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत : दीपेन्द्र हुड्डा

- 10 साल में बीजेपी ने क्या काम किया ये बताने को कुछ नहीं : दीपेन्द्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने बुधवार को कहा कि भाजपा ने उनके खिलाफ फिर इस बार पूरी ताकत झोंक दी है। मेरे खिलाफ इन नेताओं के पास कहने को कुछ नहीं है और पिछले 10 साल में इस चुनाव क्षेत्र में भाजपा ने क्या काम कराए ये बताने के लिए भी कुछ नहीं है। दीपेन्द्र हुड्डा ने बताया कि उनके खिलाफ न केवल भाजपा के मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा मैदान में उतरे बल्कि भाजपा के तीनों पूर्व अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्रियों की फौज जिनमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी अब तक दीपेंद्र के खिलाफ जनसभाएं कर चुके हैं। यही नहीं, राजस्थान, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और हरियाणा में अल्पमत की सरकार के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने भी पूरी ताकत लगा दी है। और तो और गोहाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी जनसभा की। दीपेन्द्र हुड्डा ने बुधवार को एक दिन में 36 गांवों में जनसभा को संबोधित किया, जो कि अपने आप में एक रिकार्ड है। कोसली हलके में आज भिवानी-



महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह, अलवर लोकसभा राजस्थान के प्रत्याशी और विधायक मुंडावर ललित यादव, विधायक शाहपुरा राजस्थान मनीष यादव ने दीपेन्द्र हुड्डा के पक्ष में अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जसवंत बावल अपने अनेक समर्थकों के साथ बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा के पूरा इलाका हमेशा से सैनिकों की खान रहा है। बीजेपी सरकार की अग्निपथ योजना से सबसे ज्यादा नुकसान इसी इलाके को हुआ है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि फौजियों की खान माने जाने वाले इस इलाके में अग्निवीर योजना ने बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी। ये ऐसा इलाका है जहां फौज में भर्ती होना गौरव की बात मानी जाती है।



डहीना। पक्षियों के लिए पानी का प्रबंध करते हुए शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## कॉलेज में पक्षियों के लिए किया दाने-पानी का प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डहीना

विवेकानन्द डिग्री कॉलेज डहीना में बुधवार को एनएसएस के स्वयंसेवकों एवं स्टाफ सदस्यों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में बेजुबान पक्षियों के लिए सकोरे लगाकर दाना-पानी का प्रबंध किया। विद्यार्थियों ने भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पेड़ों एवं छत के ऊपर पानी के सकोरे रखे। साथ ही साथ सकोरों को प्रतिदिन स्वच्छ पानी से भरकर रखने का प्रण लिया। इसके साथ पक्षियों के लिए दाने का भी प्रबंध किया गया ताकि भूखे पक्षी दाना चुगकर एवं पानी पीकर तृप्त हो सकें। कॉलेज निदेशिका डा. सुषमा यादव ने सभी लोगों से भीषण गर्मी को देखते हुए अपने घरों की छतों व आसपास पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राचार्य पवन कुमार, डा. पूनम यादव व ज्योति मुदगिल सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।




### डॉक्टर ही सबसे विश्वसनीय हमसफर

लोकसभा चुनावों में मतदान का समय करीब आ गया है। आगे होने वाले विधानसभा चुनावों में टिकट के लिए छटपटा रहे बावल के कुछ नेता प्रचार की पिक्चर से अचानक गायब नजर आने लगे हैं। खासकर भाजपा में 'राव नाम की जय' बोलने वाले वह नेता एक्टिव नजर नहीं आ रहे, जो अभी तक खुद को बावल हलके में वोटों के बड़े ठेकेदार बता रहे थे। रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने के दावे कर रहे थे। डॉक्टर साहब अपने सहज अंदाज में अकेले ही 'राजनीतिक गुरू' की वैतरणी पार लगाने के लिए पसीना बहा रहे हैं। राजनीति के बदलते हुए माहौल को देखते हुए इस हलके के कुछ ठेकेदार गिरगिट की तरह रंग बदलकर शांत बैठ गए हैं।

### आखिर किस करवट बैठेगा का ऊंट

भाजपा के पास रेवाड़ी हलके में प्रभावशाली चेहरों की कमी नहीं है। न्योता नहीं मिलने के कारण यह नेता बिन बुलाए मेहमान की तहर चुनाव प्रचार में शामिल नहीं हुए हैं। पार्टी के एक हारे हुए प्रत्याशी राव के लिए जमकर पसीना बहा रहे हैं। चर्चा है कि हारे हुए प्रत्याशी को हलके के लोग कोई भाव नहीं दे रहे हैं। इस हलके में राव के खास अजय पटौदा ने जनसंपर्क में पूरी ताकत लगाकर विधानसभा की सीट पक्की करने की दिशा में कदम आगे बढ़ दिए हैं। अजय की लगातार बढ़ती सक्रियता से विरोधी खेमा बेचैनी का सामना कर रहा है। चिंता इस बात की सता रही है कि कहीं इस बार हलके में मार्जिन कम रह गया, तो उसका ठीकरा किसके सिर फूटेगा।



### समाज के ठेकेदार जमकर बना रहे नंबर

जिन लोगों को समाज में कोई नहीं पूछता, वही लोग चुनावों के दौरान पूरे समाज के ठेकेदार बन जाते हैं। मतदान के चंद घंटों पहले ही विभिन्न समाज के ठेकेदार एक्टिव होकर अपने नंबर बनाने में लगे हुए हैं। अपने-अपने समाज से पूरा समर्थन अलग-अलग प्रत्याशियों को दिए जाने के दावे किए जा रहे हैं। समाज के कई ठेकेदार तो ऐसे भी हैं, जो सुबह किसी को और शाम को किसी को समर्थन देने की नौटंकी कर रहे हैं। भले ही वोट के नाम पर पल्ले कुछ नहीं हो, इसके बावजूद सैकड़ों वोटों के ठेकेदार बनकर बयानबाजी से चर्चा में आने के प्रयास कर रहे हैं। कुछ ठेकेदार तो वोट के नाम पर नोट की राजनीति करने में भी पीछे नहीं हैं।



### प्रचार में अबकी बार बेबस बने सरकार

कई नेता ऐसे हैं, जो चुनाव का समय नजदीक आते ही प्रचार मैदान में सक्रियता बढ़ा देते हैं। गुरूग्राम सीट पर कम से कम चार ऐसे नेता हैं, तो प्रचार के समय खुद को शांत नहीं रख सकते। अबकी बार यह नेता बुरे फंसे हुए हैं। इस सीट पर चुनाव लड़ रहे राव इंद्रजीत सिंह जीत की आश्वस्तता के घमंड में इतने चूर हैं कि उन्हें पार्टी में खुद को छोड़कर कोई दूसरा नेता ही नजर नहीं आ रहा। पार्टी के दूसरे नेताओं को साथ जोड़ने में जरा भी विश्वास नहीं है। अपनी ही पार्टी में कद्र नहीं होने से प्रचार मैदान में दहाड़कर खाना हजम करने वाले इन नेताओं को असमंजस के दौर का सामना करना पड़ा है। शायद बदहजमी की वजह से बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं।

### बाप-बेटे की राजनीतिक साख दाव पर

पार्टी प्रत्याशी को जिताने का ठेका लेने वाले बाप-बेटे की जोड़ी इस बार हुड्डा के बिछाए जाल में फंसी हुई नजर आ रही है। हुड्डा ने जिस कंडीडेट को टिकट दिलाकर पिता की टिकट कटवाई, उसे ही जिताने की जिम्मेदारी दोनों के कंधों पर आ पड़ी। टिकट के समय पूरा जोर लगाने के बाद भी किरकरी का सामना करना पड़ा। खुद के लिए वोट मांगने वाले अब दूसरे के लिए भारी गर्मी के बीच पसीना बहाने को मजबूर हो चुके हैं। साख पूरी तरह दाव पर लगी हुई है। प्रत्याशी जीता तो क्रेडिट सीधे तौर पर हुड्डा कैच कर जाएंगे। हार हुई, तो ठीकरा बाप-बेटे की जोड़ी के सिर फूटेगा। अब तो दोनों हुड्डा के बिछाए जाल में छटपटाते नजर आ रहे हैं।

### अब आने लगी शर्माजी की जान में जान

कोसली में शर्माजी की जान में जान आने लगी है। चुनाव जीतने के बाद लोगों से दूर रहने का परिणाम क्या होता है, वह अच्छी तरह से जान चुके हैं। पांच साल की दूरी के बाद लोगों के बीच पहुंचने लगे, तो जवाब भी मांगे जाने लगे। शर्माजी लोगों को सफाई तक नहीं दे पा रहे थे। कोसली में हार का मतलब ही ओवरऑल हार की गारंटी है। बेचारे कई दिनों से मुश्किलों में फंसे हुए थे। समझ नहीं आ रहा था कि एक बार फिस से कोसली में इतिहास कैसे दोहराया जाए। हर प्रयास पूरी तरह फेल साबित होते नजर आ रहे थे। आखिरकार बाबा बालकनाथ, राव और गड़करी जैसे नेताओं ने मैदान में आने के बाद शर्माजी की जान में कुछ जान जरूर आई है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक चालक की मौत

**धारूहेड़ा।** कापड़ीवास फ्लाईओवर पर किसी वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। एमटूके सोसायटी में रहने वाला 30 वर्षीय श्रीकांत एक कंपनी में कार्यरत था। वह मंगलवार की रात बाइक लेकर कहीं जा रहा था। कापड़ीवास फ्लाईओवर के पास किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में श्रीकांत की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की जेब से मिले कागजों के आधार पर उसकी पहचान हुई। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने शव का सामान्य अस्पताल से पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया।

**चुनाव प्रचार** | अंतिम दौर में जातिगत समीकरणों के सहारे चुनिंदा एरिया में प्रचार

# आज शाम को खत्म हो जाएगा प्रचार का दौर, रूठों को मनाने के लिए बचेगा अब एक दिन

- गुरुग्राम सीट पर कांग्रेस में भीतरघात की बढ़ रही आशंका

नरेन्द्र वत्स ▸▸ रेवाड़ी

लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार का दौर 23 मई की शाम समाप्त हो जाएगा। अंतिम दौर में प्रत्याशियों ने जातिगत समीकरणों का हिसाब-किताब लगाते हुए चुनिंदा स्थानों पर प्रचार करने की रणनीति अपनाई हुई है। उनके पास 24 मई को रूठों को मनाने का दिन बचेगा। इन दिन वह घर-घर दस्तक देकर वोट की अपील करेंगे। प्रचार का तामझाम वीरवार को शाम को ही बंद हो जाएगा। गुरूग्राम लोकसभा सीट पर कांग्रेस में भीतरघात की आशंका के चलते प्रत्याशी को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। भाजपा में राव विरोधी खेमे के पास भीतरघात करने के लिए मजबूत विकल्प मौजूद नहीं है, जिस कारण राव का पलड़ा इस बार भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। वीरवार शाम को प्रचार खत्म होने के बाद प्रत्याशियों के पास मतदाताओं व नाराज समर्थकों के घर-घर दस्तक देने के लिए 24 घंटे का समय बचेगा। इस दौरान प्रत्याशी ऐसे समर्थकों के घरों की घंटी बजाएंगे, जिन्होंने दूरियां बनाई हुई हैं। प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो करने पर ज्यादा जोर दिया जाएगा। गुरूग्राम सीट पर अभी तक राव इंद्रजीत का पलड़ा चुनाव मैदान में भारी नजर आ रहा था।



राव इन्द्रजीत सिंह



राज बब्बर

भाजपा के कई दिग्गज नेताओं ने उनके साथ प्रचार करने से किनारा किया हुआ है, लेकिन विरोधियों के सामने मजबूत विकल्प नहीं होने से भीतरघात की आशंका कम है। इसके विपरीत कांग्रेस में एक खेमा राज बब्बर का वर्ष 2014 में राव धर्मपाल जैसा हश्र करने की रणनीति को अंजाम तक पहुंचा सकता है। अगर राज बब्बर भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देते हुए जीत हासिल करते हैं या जीत के करीब पहुंच जाते हैं, तो इससे कैप्टन अजय सिंह यादव के राजनीतिक भविष्य पर बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है। आने वाले समय में यह सीट उनके हाथ से परमानेंट खिसक सकती है। लगभग 25 लाख मतदाताओं वाले इस लोकसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच होना ही तय माना जा रहा है। इनेलो प्रत्याशी के मुकाबले में बने रहने के प्रयास कमजोर पड़ने लगे हैं, जबकि जेजेपी वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए अंतिम दौर में पूरा जोर लगा रही है। राज बब्बर के चुनाव प्रचार में अंतिम दौर में मजबूती नजर आने लगी है।

### जातिगत समीकरणों पर लगाया पूरा जोर

भाजपा में पूर्व सीएम मनोहरलाल और स्वामी धर्मदेव जहां भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करते हुए पंजाबी मतों को पार्टी के साथ जोड़े रखने के प्रयास कर चुके हैं, वहीं अंतिम दौर में राज बब्बर पंजाबी समाज में सेंध लगाने पर पूरा फोकस कर रहे हैं। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में राज बब्बर को बड़े समर्थन की उम्मीद है, तो दलित वोट बैंक को भी वह अपने पाले में लाने पर जोर दे रहे हैं। जाट मतदाताओं का रुझान भाजपा की ओर से पहले से ही नहीं है।

### जनाधार कायम रखने पर झोंकी ताकत

कांग्रेस प्रत्याशी ने जहां दलित वोट बैंक में सेंध लगाने की कवायद तेज कर दी है, तो भाजपा प्रत्याशी के लिए दलित वोट बैंक बचाए रखने के लिए कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल एक रणनीति के तहत पूरी ताकत लगा रहे हैं। प्रचार के अंतिम दौर में जातिगत मतदाताओं को अपनी ओर करने के लिए प्रभावशाली लोगों को काम पर लगाया जा चुका है। प्रचार के अंतिम दौर में दोनों दलों के बीच मुकाबला दिलचस्प होने के संकेत मिलने लगे हैं।

### पूर्व मुख्य अध्यापिका के निधन पर जताया शोक

**रेवाड़ी।** राजकीय विद्यालय मीरपुर की पूर्व मुख्य अध्यापिका मंजू बाला का गत दिवस ब्रेन स्ट्रोक के कारण आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर शिक्षा जगत ने शोक व्यक्त किया है। शिक्षाविदों ने मंजू बाला के निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। मंजू बाला ने 38 वर्ष तक शिक्षा विभाग की सेवा करते हुए कठिन परिश्रम के बल पर नाम कमाया। सेवानिवृत्ति के पश्चात कई सामाजिक संगठनों से जुड़कर सामाजिक कार्यों में काफी सक्रिय रही। उनके अंतिम संस्कार में खंड शिक्षा अधिकारी सतपाल धूपिया, चंद्रशेखर शर्मा, इशांत शर्मा, करनजोत, महेंद्र पाल, सुनील खंडेलवाल, हर्ष कुमार, मुकेश कुमार, आश्रम हरी मंदिर के पदाधिकारी व सामाजिक संगठनों के सदस्य शामिल हुए।